Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 26-07-2005

Participants : Tahir Shri Mohammad

>

Title: Need to take necessary steps to prevent pollution in river Gomti at Sultanpur, Uttar Pradesh.

श्री मो. ताहिर (सुल्तानपुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले से होकर गोमती नदी बहती है तथा यह नदी कम से कम 120 कि.मी. क्षेत्र तक है। इस नदी के किनारे कई बड़ी फैक्ट्रियां हैं। इन सभी औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाला मलबा नदी में गिरता है। केन्द्र द्वारा नदियों तथा स्वच्छ पानी के लिए राज्यों को करोड़ों रूपये की राशि वितरित की जाती है, लेकिन इस नदी के पानी को साफ रखने के लिए अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। जो प्रदूाण संयंत्र यहां पर लगे हुए हैं, उनकी हालत सालों से खराब है। ऐसी मशीनों की शीघ्र मरम्मत तथा रखरखाव किया जाये ताकि नदी के पानी से होने वाली बीमारियों में आने के संकेत प्राप्त हो सके। सरकार शीघ्र संबंधित अधिकारियों तथा राज्य सरकार से नदी की सफाई करने तथा प्रदूाण मुक्त करने की योजना पर अमल करने का आदेश जारी करें।